# गेस्ट फैकल्टी की सेवा समाप्ति आदेश पर रोक

## जस्टिस विशाल धगत ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया



**जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट ने गेस्ट फैकल्टी विमलेश खम्परिया की सेवा समाप्ति संबंधी आदेश पर रोक लगा दी है. जस्टिस विशाल धगत की एकलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है.**

यह मामला सिहोरा निवासी विमलेश खम्परिया की ओर से दायर किया गया था. जिनकी ओर से अधिवक्ता सत्येन्द्र ज्योतिषी व अभिषेक मिश्रा ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति गेस्ट फैकल्टी के रूप में लोक शिक्षण विभाग भोपाल द्वारा ऑन लाइन आवेदन के माध्यम से मेरिट के आधार पर 26 जुलाई 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद जिला कटनी में चयन किया गया था. आवेदिका की ओर से कहा गया कि प्राचार्य द्वारा दुर्भावना पूर्ण तरीके से उन्हें मानसिक रूप प्रताड़ित किया जा रहा था. प्राचार्य द्वारा फोटो खिचवाना, वीडियो बनवाना एव अन्य तरीके से परेशान किया जा रहा था. जिसकी शिकायत आवेदिका ने जिला शिक्षा अधिकारी कटनी, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को लिखित रूप में की थी, जिसकी जांच के आदेश भी हुए थे. इसके बाद 8 नवंबर 2025 को प्राचार्य ने मनमाने तरीके से सेवा समाप्ति का आदेश पारित कर दिया, इसके लिये उन्हें कोई कारण बताओ नोटिस भी नहीं दिया गया. जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई.

### आपत्तिजनक वीडियो डालने वाले यूट्यूबर को झटका

**जबलपुर**. मप्र हाईकोर्ट ने लड़कियों को लेकर कथित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में आरोपी रीवा के एक यूट्यूबर को राहत देने से इनकार कर दिया. जस्टिस राजकुमार चौबे की एकलपीठ ने आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. रीवा निवासी निवासी यूट्यूबर मनीष कुमार पटेल के खिलाफ रीवा के सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है. उसके खिलाफ दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने वेलेंटाइन वीक के दौरान एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें ब्राह्मण समाज की युवतियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं और फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया. गिरफ्तारी की आशंका के चलते आरोपी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पैनल अधिवक्ता रघुवर प्रजापति और आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल तिवारी ने पक्ष रखा.

# गैस का अवैध धंधा बेनकाब, पोल्ट्री फॉर्म से 64 सिलेंडर जब्त

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग और रिफिलिंग की शिकायतों पर पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग और पोल्ट्री फार्म पर व्यावसायिक गैस सिलेंडर की भारी मात्रा में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जब्ती की कार्रवाई की है। वहीं ढाबे पर भी घरेलू गैस सिलेंडर मिलने पर कार्रवाई की गई है

कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन मे तहसीलदार रतलाम ग्रामीण आशीष उपाध्याय द्वारा धराड़ की नई कॉलोनी स्थित एक पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राहुल पिता राजेन्द्र सिंह सिसौदिया निवासी स्टेट बैंक के पास, धराड़ के पोल्ट्री फार्म की जांच की गई। जांच के दौरान पोल्ट्री फार्म के एक कमरे में



19 किलोग्राम के 64 नग खाली एचपीसीएल व्यावसायिक गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले, तहसीलदार रतलाम ग्रामीण आशीष उपाध्याय, थाना प्रभारी अयूब ख़ान द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई । प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासनिक टीम ने नागेश्वर बाईपास स्थित रोहिणी ढाबे पर भी जांच की।

### एक नजर में

#### शिक्षकों से टीईटी की मांग पर आक्रोश

**जबलपुर**. मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर ने शिक्षकों से शिक्षक पात्रता परीक्षा देने के आदेश के विरोध में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. संघ ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य मामले के निर्णय की आड़ में लोक शिक्षण संचालक भोपाल द्वारा जारी आदेश से शिक्षकों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है. संघ का कहना है कि प्रदेश में कई शिक्षक लगभग 30 वर्षों से सेवा दे रहे हैं और भर्ती नियम 1998, 2008 तथा 2018 में कहीं भी टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता का उल्लेख नहीं है. ऐसे में अचानक यह शर्त लागू करने से शिक्षकों में भय और रोष का माहौल है.

#### कलेक्टर मऊगंज ने तीन डॉक्टरों को दिया नोटिस

**मऊगंज**. कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बिना अवकाश अनुपस्थित पाए गए तीन डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस दिया है. कलेक्टर ने सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ. कुमुद पाठक तथा डॉ. रूपेश वर्मा एवं बीएमओ डॉ. प्रद्युम्न शुक्ला को कारण बताओ नोटिस दिया है. इस संबंधह्य में कलेक्टर ने बताया कि डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया द्वारा सिविल अस्पताल मऊगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था. निरीक्षण के दौरान ओपीडी में तैनात दो डॉक्टर तथा बीएमओ कार्यालय से बीएमओ कार्यालय समय में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए. इसके कारण अस्पताल में आने वाले रोगियों और आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

## कबाड़ गाड़ी में बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत

**जबलपुर, 14 मार्च. सिहोरा के पुराना बस स्टैंड इलाके में खड़ी एक कबाड़ गाड़ी अचानक आग का गोला बन गई. हादसे के वक्त गाड़ी के भीतर सो रहे 50 वर्षीय बुजुर्ग को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला और वे जिंदा जल गए. सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था.**

सिहोरा थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को के अनुसार मृतक की पहचान वार्ड नंबर-3 निवासी बादशाह खान (50 वर्ष) के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि बादशाह खान मानसिक रूप से अस्वस्थ थे. वे दिन भर शहर से कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक की पन्नियां इकट्ठा करते थे और उसे



पुराना बस स्टैंड के पास खड़ी एक लावारिस टाटा सफारी में भर देते थे. रात होने पर वे इसी कचरे से भरी गाड़ी के भीतर सो जाया करते थे. पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि बुजुर्ग बीड़ी पीने के शौकीन था आशंका जताई जा रही है कि देर रात गाड़ी के अंदर बीड़ी पीते समय उसकी चिंगारी वहां जमा सूखी पन्नियों या कचरे में जा गिरी.

# गैस सिलेंडरों के वितरण पर सवाल : कांग्रेस

**सीधी, 14 मार्च. जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के वितरण को लेकर कांग्रेस ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं. कांग्रेस का कहना है कि गैस सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी और अनियमित वितरण के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

कांग्रेस नेताओं के अनुसार सरकार भले ही गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है. उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद भी कई-कई दिनों तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो पा रही है. कई लोगों को एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं गैस



एजेंसियों के बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा.कांग्रेस का आरोप है कि कई उपभोक्ताओं के मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज भी भेज दिया जाता है, जबकि वास्तव में उन्हें सिलेंडर प्राप्त नहीं होता. इससे पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ गैस एजेंसियों में कार्यरत कर्मचारी उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, जिससे आम जनता की परेशानी और बढ़ रही है.

## उद्योगपतियों ने स्वयं जमा की कर राशि

**जबलपुर, 14 मार्च. रिछाई औद्योगिक क्षेत्र का 15 सालों पुराना इतिहास संवादों से बदल गया. दरअसल पंद्रह सालों में जो नहीं हुआ वह निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के सार्थक प्रयासों, संवादों के जरिए मुमकिन हो सका और विकास के द्वार खुल गए. उद्योगपतियों ने स्वयं आगे आकर नगर निगम के खजाने में करों की राशि जमा की.**

अब संस्कारधानी के प्रमुख औद्योगिक केंद्र रिछाई और उसके आस-पास के शहरी क्षेत्रों में अब व्यवस्थित रूप से बुनियादी सुविधाओं से संबंधित विकास के कार्य कराये जायेगें. निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार को सुबह अधिकारियों के साथ रिछाई औद्योगिक क्षेत्र का सघन दौरा किया. जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की मौजूदा स्थिति का जायजा लेना और बुनियादी सुविधाओं को सुव्यवस्थित कर उन्हें आधुनिक स्वरूप प्रदान करना था.

## जौरा की चौबे गैस एजेंसी पर हंगामा

**मुरैना, 14 मार्च**. यहां के जौरा कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच आज शनिवार दोपहर 12 बजे चौबे गैस एजेंसी पर हंगामा हो गया. घंटों लाइन में लगने के बाद भी सिलेंडर न मिलने पर एक महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगी और उसने एजेंसी का गेट तोड़ने का प्रयास किया. हंगामा करने के बावजूद महिला को गैस नहीं मिली और उसे खाली हाथ लौटना पड़ा.

# भारी बिजली बिलों से जनता हलाकान : अजय सिंह

**सीधी, 14 मार्च. पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र चुरहट के विभिन्न गांवों में बिजली उपभोक्ताओं को मिल रहे अत्यधिक और अनियंत्रित बिजली बिलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है. उन्होंने सरकार और बिजली विभाग से मांग की है कि वास्तविक खपत के आधार पर बिलों में सुधार किया जाए.**

अजय सिंह ने कहा कि चुरहट के ग्राम खड्डी, भुईया डोल, रिमारी एवं मोहनी सहित अनेक क्षेत्रों से ग्रामीणों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उन्हें पिछले कुछ महीनों से हजारों रुपये के मनमाने बिल थमाए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि इन गांवों के अधिकांश उपभोक्ता गरीब और मध्यम



वर्गीय किसान हैं. उनकी बिजली की वास्तविक खपत बहुत कम है, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें अत्यधिक राशि के बिल भेजे जा रहे हैं.

पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि ग्रामीणों को आशंका है कि यह समस्या खराब मीटरों, गलत रीडिंग या विभागीय उदासीनता के कारण निर्मित हुई है. एक तरफ महंगाई की मार है और दूसरी तरफ इस तरह के 'करंट' मारते बिजली बिलों ने ग्रामीण परिवारों की कमर तोड़ दी है. कई परिवारों के लिए इन बिलों का भुगतान करना असंभव हो गया है.

अजय सिंह ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से कहा है कि वे इस गंभीर जनसमस्या को तत्काल संज्ञान में लें. उन्होंने मांग की है कि प्रभावित गांवों में विशेष शिविर लगाकर मीटरों की जांच कराई जाए और त्रुटिपूर्ण बिलों में सुधार कर वास्तविक खपत के अनुसार नए बिल जारी किए जाएं. उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया और गरीब ग्रामीणों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो स्थिति विस्फोटक रूप ले सकती है.

## श्योपुर में ट्रक-बोलेरो की टक्कर में तीन घायल

**श्योपुर.** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दांतरदा चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो के बीच टक्कर हो गई. हादसे में बोलेरो में सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है. यह घटना दांतरदा चौराहे पर हुई. फरियादी महावीर, जो दांतरदा निवासी हैं, ने बताया कि मुंगिया ट्रांसपोर्ट का ट्रक तेज रफ्तार में आया और चौराहे पर बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे में बोलेरो चालक महावीर, पुष्पराज मीणा और राजू मीणा को गंभीर चोटें आईं.

# पुल को लेकर विधायक हेमंत कटारे नाराज

## चंबल नदी पर निर्माणाधीन पुल के कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई

**भिंड, 14 मार्च. जिले के अटेर विधायक हेमंत कटारे ने चंबल नदी पर बन रहे पुल के निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई. उन्होंने सेतु निर्माण विभाग को पुल को जल्द चालू कराने के निर्देश दिए. साथ ही कनेरा उद्वहन सिंचाई योजना की प्रगति पर भी सवाल उठाते हुए अधिकारियों से तय समय-सीमा बताने को कहा.**

अटेर के आईटीआई परिसर में विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में अटेर विधायक हेमंत सत्यदेव कटारे मुख्य रूप से उपस्थित रहे. बैठक के दौरान उन्होंने चंबल नदी पर निर्माणाधीन अटेर पुल के कार्य में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई.



### विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश

विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुल का कार्य शीघ्र पूरा कर उसे आम जनता के लिए चालू कराया जाए. उन्होंने कनेरा उद्वहन सिंचाई योजना की प्रगति की भी समीक्षा की और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से परियोजना की स्पष्ट समय-सीमा तय करने को कहा. बैठक में विधायक ने राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग और नगर परिषद फूप सहित अन्य विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की.

# तरुण खटीक की हत्या के विरोध में खटीक समाज सड़कों पर उतरा



**ग्वालियर, 14 मार्च.** खटीक समाज ग्वालियर ने तरूण खटीक (दिल्ली) की हत्या के विरोध में सैकड़ो की संख्या में विशाल केंडल मार्च राष्ट्रपिता महात्मा गांधी फूलवाग गेट ग्वालियर से वीरांगना लक्ष्मीबाई स्मारक तक निकाला और तरूण खटीक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से आग्रह किया कि परिवार को सुरक्षा और सहायता देकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर फांसी दी जाए.



## विधायक ने पेश किया दो साल का रिपोर्ट कार्ड

**रीवा.** मनगवां से भाजपा विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने जनपद कार्यालय गंगेव में अपने दो वर्ष के कार्यकाल का लेखा जोखा पत्रकारों के सामने प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं, जिससे मनगवां विधानसभा विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रही है. विधायक ने बताया कि पिछले दो वर्षों में क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई.

# मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 1 .90 लाख

**जबलपुर, 14 मार्च. साइबर ठगों ने अब आईटीबीपी जवान को निशाना बनाया. बिजली बिल अपडेट करने का झांसा देकर मोबाइल हैक कर जवान के खाते से 1 लाख 89 हजार 998 रुपये पार कर दिए. मामले की शिकायत गोराबाजार थाने म की गई.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विनायक नगर चरगवां निवासी श्रीमती सरिता देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पति नरेंद्र कुमार आईटीबीपी की 36वीं बटालियन में प्रधान आरक्षक हैं और वर्तमान में उत्तराखंड में पदस्थ हैं. वे इलाज के लिए नोएडा स्थित आईटीबीपी बेस हॉस्पिटल में भर्ती थे. इसी दौरान सुबह उनके व्हाट्सएप पर एपी नाम से एक संदिग्ध लिंक आया. कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने नरेंद्र



कुमार को बातों में फंसाया और कहा कि उनका बिजली बिल अपडेट होना है. जैसे ही जवान ने ठग द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल फोन पूरी तरह से फ्रीज हो गया और काम करना बंद कर दिया.

कुछ घंटों बाद जब मोबाइल सामान्य हुआ, तो जवान के होश उड़ गए. उनके मोबाइल पर बैंक से पैसे कटने के धड़ाधड़ मैसेज आने लगे. साइबर अपराधी ने उनके खाते में सेंध लगाकर कुल 9 बार में पूरी रकम निकाल ली थी.

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 1 .11 लाख ठगे

**जबलपुर**. घर बैठे मोटी कमाई का लालच एक बार फिर एक युवक के लिए भारी पड़ गया. तिलवारा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम के जरिए संपर्क कर 1 लाख 11 हजार 800 रुपये की धोखाधड़ी की है. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से हरिपुर सांगली महाराष्ट्र निवासी वेंकटेश सिद्राम (30) वर्तमान में तिलवारा के काल भैरव मंदिर, सगड़ा के पास रह रहा हैं.

# पूर्व मंत्री हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू को मिली जान से मारने की धमकी

**जबलपुर, 14 मार्च. गोरखपुर थाना अंतर्गत गुप्तेश्वर मदनमहल निवासी पूर्व मंत्री को जान से मारने की धमकी मिली है. मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है.**

जानकारी के मुताबिक पूर्व मंत्री हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू निवासी गुप्तेश्वर रोड, मदनमहल को एक मोबाइल नंबर से लगातार काल कर धमकियां दी जा रही है. करीब 5-6 बार काल कर अज्ञात ने धमकाया है. मामले की शिकायत गोरखपुर थाने में की गई है. पूर्व मंत्री ने बताया कि वे उनका पूरा परिवार असुरक्षित कर रहा है. सन् 1984 के दंगे में भी उनके



पिता और चाचा को जिंदा जला दिया गया था. पूर्व में हरेन्द्रजीत सिंह पर बम फेंकने जैसी घटनाएं भी हो चुकी है. अब उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है .जिस पर उन्होंने धमकाने वाले पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है.

**परियोजना** | मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में रेप्टाइल हाउस का किया लोकार्पण

# विंध्य क्षेत्र में पर्यटन से आएगी नई आर्थिक क्रांति : शुक्ल

**भोपाल, 14 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पर्यटन के विकास से विंध्य क्षेत्र में नई आर्थिक और सामाजिक क्रांति आएगी.**

उन्होंने मैहर जिले के मुकुंदपुर स्थित महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी में नवनिर्मित रेप्टाइल हाउस का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह परियोजना वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने फीता काटकर और पट्टिका का



अनावरण कर रेप्टाइल हाउस का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने परिसर का निरीक्षण कर वहां रखे गए विभिन्न प्रजातियों के सरीसृपों को देखा और अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुकुंदपुर की व्हाइट टाइगर सफारी देश-प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है और इसे आगे और विकसित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी को मध्यम श्रेणी के जू के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है.

> भविष्य में अतिरिक्त 100 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तार किया जाएगा, जिससे पर्यटकों के लिए सुविधाएं और आकर्षण बढ़ेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह ने की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, नगर निगम रीवा के स्पीकर व्यंकटेश पांडेय सहित जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी और जू के कर्मचारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में एयरपोर्ट की स्थापना से विंध्य क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी और इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे. उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में विंध्य क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा

# मोदी की मिमिक्री करने पर टीचर सस्पेंड

### सिलेंडर के दाम बढ़ने पर वीडियो बनाया था

**शिवपुरी, 14 मार्च. गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री करना शिवपुरी जिले के एक शिक्षक को भारी पड़ गया.**

भाजपा विधायक की शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने टीचर साकेत पुरोहित को सस्पेंड कर दिया है. मामला पोहरी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय आदिवासी मोहल्ला सेमरखेड़ी (संकुल केंद्र बैराड़) का है, जहां साकेत पुरोहित प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं. साकेत ने हाल



ही में एक वीडियो बनाया था, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री करते हुए गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों पर कटाक्ष किया था.

यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. मामला अधिकारियों तक पहुंचा.शिक्षक साकेत पुरोहित का कहना है कि इस संबंध में मुझे न तो किसी तरह का नोटिस जारी किया गया है, न मेरा पक्ष सुना गया है. एकपक्षीय कार्रवाई की गई है.

### विधायक प्रीतम लोधी ने की थी शिकायत

पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने जिला शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत की. शिकायत में शिक्षक पर जनप्रतिनिधि की मिमिक्री करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया. विधायक ने कहा कि इससे समाज में गलत संदेश जा रहा है. यह शासकीय सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन है.